INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	**Department: Hindi**	
अनुच्छेद	Topic : मेरा प्रिय पक्षी	Note: Pl. write in your note book.

मेरा प्रिय पक्षी

मोर हमारे भारत देश का राष्ट्रीय पक्षी है। मोर दिखने में बहुत ही सुंदर होता है। मोर का मुँह छोटा होता है लेकिन शरीर बहुत बड़ा होता है। मोर की गर्दन सुराही की तरह पतली और लंबी होती है। गर्दन के इस नीले रंग के कारण मोर को नीलकंठ भी कहा जाता है।इसकी आँखें छोटी और काले रंग की होती है। इसके सिर पर छोटे-छोटे पंखों का आधे चाँद के आकार का ताज बना होता है ।इसीलिए इसे पक्षियों का राजा भी कहा जाता है। इसके पंख के तो क्या कहना! मोर के पंखों में अनेक रंग होते है जो उसकी सुंदरता को निखारते है। इसलिए यह मेरा सबसे प्यारा पक्षी है। इसके पंखों अंत में चाँद के आकार की आकृति बनी हुई होती है जिसमें सतरंगी रंग भरे हुए होते है| इसके पंख खोखले होते हैं जिनको पुराने जमाने में स्याही में डुबोकर लिखने के काम में भी लिया जाता था|

इसके शरीर का रंग नीले और बैंगनी रंग से मिलकर बना होता है। मोर किसानों का अच्छा दोस्त भी होता है क्योंकि यह फसलों में लगने वाले कीट-पतंगों को खा जाता है|

मोरनी दिखने में इतनी सुंदर नहीं होती है
आकाश में काले घने बादल छाने लगते है तो पंख फैलाकर नृत्य करता है ।हमारा कर्तव्य है कि इस राष्टपक्षी की हम रक्षा करें। मोर हमारे भारत देश की आन-बान और शान है।